दैनिक
न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर
रायगढ़, शुक्रवार 23 नवम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### मिंजाई के लिए रखा धान जलकर खाक

बालोद (आरएनएस)। कटाई के बाद मिंजाई के लिए रखा धान जलकर खाक हो गया। शुक्रवार को सुबह जब किसान को इसकी जानकारी मिली तो उसके होश उड़ गए। किसान की पूरी मेहनत तबाह हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम परसोदा के किसान लोकेंद्र साहू के खेत में एकत्रित धान की खरही में बीती रात आग लग गई, सुबह पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी। कृषक लोकेंद्र साहू ने बताया कि बाकी की फसल मिंजाई के बाद इसे मिंजाई के लिए रखे थे और आज ही मिंजाई किया जाना था। मिंजाई के लिए ट्रैक्टर मिलने का इंतजार कर रहे थे। करीब1 एकड़ की फसल बर्बाद हो गई। इससे किसान को काफी नुकसान हुआ है। फसल की खरही में आगजनी की यह घटना कैसे हुई यह अभी तक अज्ञात है। किसान के अनुसार इस घटना के पीछे गांव के ही कुछ असमाजिक तत्वों का हाथ हो सकता है।

### वर्ल्ड के टॉप टेन मुस्लिम एक्ट्रेस में मेरी गिनती हो : माहिरा खान

**साऊथ व पंजाब की फिल्मों में काम करना मेरा लक्ष्य**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अपनी पहचान स्थापित कर चुकी माहिरा खान का कहना है कि उनका लक्ष्य साऊथ व पंजाब की फिल्मों में काम करना है। माहिरा भिलाई की रहने वाली है फोटोशूट व फेसबुक के माध्यम से छत्तीसगढ़ी फिल्मों में पहुंच गई। उन्होंने महु दीवाना तहु दीवानी फिल्म, राधे अंगूठा छाप, बंधन प्रीत के , दबंग दरोगा में काम किया है। फिल्म इंडस्ट्री में सुरक्षा को लेकर माहिरा ने कहा है कि अपनी सुरक्षा स्वयं के हाथों में है। जब तक हम अच्छे है तब तक हमारा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है । उन्होंने अपने सपने को लेकर कहा है कि वे वर्ल्ड के टॉप टेन मुस्लिम एक्ट्रेस में अपनी पहचान स्थापित करना चाहती है। उनका कहना है कि मम्मी पापा का पूरा सहयोग मिलता है ।

### प्रेमिका के साथ पति को रंगे हाथ पकड़ा

कोरबा (आरएनएस)। काशीनगर में बुधवार की रात पत्नी ने पति को प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। इस बात से नाराज पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। इस वजह से जमकर बवाल हुआ। पत्नी ने इसकी शिकायत रामपुर पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार काशीनगर में रहने वाली विवाहिता को संदेह था कि उसका पति हीरालाल यादव का किसी युवती के घर आना-जाना है। इस बीच विवाहिता ने उस युवती का मोबाइल नंबर हासिल कर उसे जमकर खरी-खोटी भी सुनाई थी। बावजूद इसके उसके पति की आदत में कोई सुधार नहीं आया। उसने योजना के मुताबिक दोनों को रंगे हाथ पकड़ने की ठानी। अपने पति को पारिवारिक काम से मड़वारानी जाने की बात कहकर उसका पीछा करने लगी। इस बीच उसका पति युवती के घर जा पहुंचा। पत्नी ने मोबाइल लगाकर अपने पति से पूछ कि कहां हैं, तब उसके पति ने कहा में बाल्को में हूं, चाहों तो आकर देख सकती हो। इतना सुनते ही वह सीधे कमरे में घुस गई। उसे देख उसका पति व युवती के होश उड़ गए। इस बात से नाराज पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। मामले की शिकायत रामपुर पुलिस तक जा पहुंची। पुलिस ने युवती के कमरे को सील कर दिया है। इस मामले में आरोपित पति के खिलाफ मारपीट का मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### बस्तर को उड़ान सेवा के लिए नई एजेंसी की खोज शुरू

जगदलपुर (आरएनस)। अपनी लापरवाही सहित खटारा विमान के साथ बस्तर में उड़ान योजना के तहत सेवा देने वाली एयर ओड़िशा के स्थान पर अब नई सेवा प्रदाता एयर एजेंसी की खोज शुरू हो गई है। इस संबंध में प्रदेश के उड्डयन विभाग के सयुक्त सचिव रजत कुमार का कहना है कि सेवा प्रदान करने में असमर्थ रही एयर ओड़िशा के साथ संबंध समाप्त कर दिया गया है। अब शीघ्र ही सेवा देने वाली नई एजेंसियों से बात चल रही है और शीघ्र ही बस्तर वासियों को पुनः हवाई सेवा प्राप्त हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा सामान्य लोगों को हवाई सेवा प्रदान करने और बस्तर को प्रदेश से जोड़ने सहित देश के अन्य भागों से संपर्क करने के लिए इस हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया था। इसको संचालित करने के लिए एयर ओड़िशा को अधिकृत किया गया था। लेकिन इस हवाई सेवा प्रदाता कंपनी का कामकाज अच्छा नहीं रहा और पिछले माहों से यह सेवा ठप पड़ी हुई है। जबकि बस्तर में इस समय विकास का कार्य तेजी से चल रहा है और बनने वाले नगरनार स्टील प्लांट व बस्तर में बढ़ रही टूरिस्टों की रूचि के कारण इसका संचालन आवश्यक था।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 6 अप्रेल को

कोरबा (आरएनएस)। जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा तह.कटघोरा जिला कोरबा के लिए सत्र 2019-20 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा शनिवार 06 अप्रेल 2019 को आयोजित होगी। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि चयन परीक्षा हेतु आवेदन-पत्र केवल आन लाईन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट नवोदय डाट जीओव्ही डाट इन पर 30 नवंबर 2018 तक निःशुल्क भरे जा सकते है । समिति के आदशानुसार आफलाईन आवेदन-पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे। जो अभ्यर्थी कोरबा जिले में मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2018-19 में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत् है वे ही अभ्यर्थी कोरबा जिले के लिए कक्षा छठवीं के लिए आन लाईन आवेदन-पत्र भर सकते है । अभ्यर्थी की जन्मतिथि एक मई 2006 से 30 अप्रेल 2010 के मध्य होना चाहिए। (एक मई 2006 व 30 अप्रेल 2010 शामिल)।

# आज गुरूनानक देव जयंती, सुबह से ही गुरूद्वारों में भक्तों की लगी कतार

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरूनानक देव का 585वां प्रकाश पर्व आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। सिक्ख एवं सिंधु समाज के भक्तों द्वारा सुबह से ही गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन के लिए स्टेशन रोड गुरूद्वारा, टाटीबंध गुरूद्वारा, तेलीबांधा गुरूद्वारा, श्याम नगर गुरूद्वारा, शंकर नगर गुरूद्वारा एवं अनेक गुरूद्वारों में भक्तों की कतार लगी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गुरूद्वारों में इस वर्ष भी अमृतसर से गुरू ग्रंथी गुरूद्वारों में पहुंचकर गुरूवाणी का पाठ कर रहे हैं। साथ ही संकीर्तन का कार्यक्रम भी जारी है। गुरूद्वारों में गुरू प्रसाद के लिए लंगरों का आयोजन दोपहर 12 बजे के बाद आयोजित किया गया है। लाखेनगर गुरूद्वारा में लंगर के आयोजन में स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में शामिल होने की जानकारी मिली है।

ज्ञातव्य है कि आज से 585 वीं वर्ष पूर्व अविभाजित भारत के ननकाना साहिब में गुरूनानक देव का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था। मानव समाज में एकता का भाव जगाने वाले गुरूनानक देव ने तत्कालीन समाज में फैली विसंगतियों पर गुरुवाणी के जरिए करारा प्रहार किया था। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरूनानक देव ने अपने प्राणों की आहूति देकर समृद्ध समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज से महादेव घाट में त्रिदिवसीय पुन्नी मेले का आयोजन किया जा रहा है। देश की प्राचीन संस्कृति के अनुसार मेले मड़ई का आयोजन जहां दुख सुख बांटने का जरिया होता है वहीं पर छोटे बच्चों के लिए मनोरंजनार्थ झूले, खिलौने एवं विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवानों का आनंद मेले की शान में चार चांद लगाता है।

## तीन दिन के लिए बंद हुए बैंक

कोरबा (आरएनएस)। बैंकर्स के लिए नवंबर का अंतिम सप्ताह काफी खुशगवार गुजरेगा। इस बार उन्हें लगातार तीन दिन की छुट्टी जो मिल रही है। शुक्रवार को जहां गुरुनानक जयंती पर अवकाश है, वहीं शनिवार व रविवार को भी चौथा वीकेंड होने के कारण बैंकों के पट बंद रहेंगे। यानी अब बैंकों का कामकाज सीधे सोमवार को शुरू होगा। इस बीच परिवार के साथ घूमने की हॉलिडे प्लानिंग के लिए बैंककर्मियों के पास तीन दिन का ब्रेक है।

शुक्रवार को गुरुनानक देव की जयंती के अवसर पर बैंकों के पट बंद रहेंगे। इसके बाद माह का चौथा शनिवार-रविवार होने के कारण अगले दो दिन भी बैंकों में कामकाज नहीं होगा। निजी व राष्ट्रीयकृत समेत सभी बैंकों में तीन दिन लगातार अवकाश रहेगा। बैंक अफ सरों से मिली जानकारी के अनुसार 23, 24 व 25 नवंबर को अवकाश है और बैंकों में ताले लटके रहेंगे। ऐसे में नियमित बैंकिंग सेवा लेने वाले ग्राहकों, व्यवसायियों व अन्य को अब सीधे सोमवार को अपना काम निपटाना होगा। एक के बाद एक लगातार छुट्टी पड़ जाए, तो लोगों को एटीएम में कैश की कमी से जूझना पड़ता है। कैश की मुश्किल होने से खासकर व्यवसायी वर्ग को बैंकिंग के कामकाज रुक जाने से परेशान होना पड़ता है। ऐसी स्थिति से निपटने व ग्राहकों को राहत प्रदान करने एटीएम में पर्याप्त कैश रखे जाने का दावा भी बैंक अधिकारियों ने किया है। एक साथ तीन दिन छुट्टी पर बैंककर्मी अपने परिवार के साथ कुछ

## प्रभाकर तिवारी साइबर सेल बिलासपुर ने पटवारी से की मारपीट

कवर्धा (आरएनएस)। प्रभाकर तिवारी और उसके अन्य 6 -7 साथी द्वारा कल दिनांक 22/11/18 को लगभग शाम 5 बजे बीच बाजार में कवर्धा तहसील में पदस्थ पटवारी के साथ मार पीट किया गया साथ ही पटवारी की गाड़ी की चाबी और 16000 रु नगद लुटा गया और अपने गाड़ी में बैठाकर अपहरण किया जा रहा था किंतु लोगो के भीड़ व अन्य वजह से अपहरण करने में नाकाम रहा।



पटवारी द्वारा थाने में शिकायत आवेदन दिया गया किन्तु थाना प्रभारी कवर्धा द्वारा एफ आई आर दर्ज नही किया।

प्रभाकर तिवारी से पूछताछ करने से बताया गया कि सरकंडा थाना में कोई अरुण वर्मा के नाम से 420 का केस दर्ज है इसलिए आये थे।

प्रभाकर तिवारी द्वारा कवर्धा थाना में किसी भी प्रकार का सूचना नही दिया ,सीधे अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मारपीट लूटपाट और अपहरण करने की कोशिश की गई वो भी एक बेकसूर पटवारी के साथ, इसके बावजूद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नही किया गया।

प्रभाकर तिवारी का मेडिकल जांच (शराब सेवन से सम्बंधित )करवाने की मांग की गई किन्तु उसके लिए भी घुमाया जा रहा था किन्तु अत्यधिक दबाव डालने के कारण लगभग 12 बजे अर्थात लगभग 6 -7 घण्टे बाद प्रभाकर तिवारी को जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ डॉक्टर द्वारा अल्कोहल टेस्ट यहाँ नही होता कहकर बोला गया साथ अपना अभिमत बिना जांच किये दिया गया कि शराब सेवन नही लग रहा है।

ख्रद्दह दर्ज नही करना, प्रभाकर तिवारी का मेडिकल जांच लेट से करवाना(वो भी आधा अधूरा), अगर वो किसी केस में जांच में आया है तो स्थानीय पुलिस को सूचना नही दिया जाना, ये सब पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह है।

## बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंड में कुछ गाड़ियां 25, 26 को प्रभावित रहेंगी

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंडो में आवश्यक रखरखाव कार्य होने के कारण 25 एवं 26 नवंबर को कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।



मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंडो के बीच में डाउन रेल लाइन पर मशीन के द्वारा 25 एवं 26 नवंबर को आवश्यक रखरखाव कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियां रद्द रहेंगी और कुछ गाड़ियां विलंब से रवाना की जाएगी।

रद्द होने वाली गाड़ियां:

25 नवम्बर को बिलासपुर से छूटने वाली 68727 बिलासपुर-रायपुर मेमू एवं रायपुर से छूटने वाली 68729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू रद्द रहेगी।

26 नवम्बर को डोंगरगढ़ से छूटने वाली 68730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू रद्द रहेगी।

विलंब से रवाना होने वाली गाड़ियां:- 25 नवम्बर को टाटानगर से छूटने वाली 58111 टाटानगर-इतवारी पैसेंजर को टाटानगर से 04 घंटे विलंब से रवाना होगी। 25 नवम्बर को गेवरारोड से छूटने वाली 18239 गेवरारोड-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस को गेवरारोड से 03 घंटे विलंब से रवाना होगी।

26 नवम्बर को इतवारी से छूटने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को इतवारी से 02 घंटे विलंब से रवाना होगी।

24 नवम्बर को भगत की कोठी से छूटने वाली 18574 भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस को भगत की कोठी से 04 घंटे विलंब से रवाना होगी।

25 नवम्बर को रायपुर से छूटने वाली 68725 रायपुर-दुर्ग मेमू रायपुर से 05 घंटे विलंब से रवाना होगी।

## मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में कल देर शाम पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुई मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। मौके से पुलिस ने बंदूक समेत दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बासागुड़ा थाने से संयुक्त पुलिस बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम तीम्मापुर के निकट जंगल घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद किया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान बंदूक एवं भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की गयी हैं।

## दीपिका और प्रियंका के बाद फ्रीडा पिंटो करने जा रही हैं शादी?

हाल में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की शादी काफी ज्यादा चर्चा में रही थी। एक दिन पहले ही इनके बेंगलुरु में हुए रिसेप्शन की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही थीं। अब फैन्स को मुंबई में होने वाले इनके रिसेप्शन का इंतजार है। दीपिका-रणवीर की शादी की चर्चाएं खत्म भी नहीं हुई थीं कि अब लोगों को प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी का इंतजार है।



माना जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी 2-3 दिसंबर को जोधपुर में होगी। निक जोनस पहले ही अपनी शादी के लिए न्यू यॉर्क से भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर से रातोंरात स्टार बन गई ऐक्ट्रेस फ्रीडा पिंटो भी जल्द शादी कर सकती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्रीडा अपने बॉयफ्रेंड कोरी ट्रैन के साथ शादी करने का मन बना रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह कपल एक दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं और कोरी ने फ्रीडा को प्रपोज भी कर दिया है। ये दोनों अगले साल एक प्राइवेट मैरिज पर विचार कर रहे हैं। फ्रीडा अपनी पर्सनल लाइफ को छिपाकर रखती हैं लेकिन उन्होंने अपनी रिलेशनशिप्स को कभी छिपाया नहीं है। हालांकि फ्रीडा पिंटो के प्रवक्ता ने इस खबर को कन्फर्म नहीं किया है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछली बार फ्रीडा पिंटो फिल्म लव सोनिया में दिखाई दी थीं।

## बाहुबली 2 से भी आगे निकली रजनीकांत की 2.0

सुपरस्टार अक्षय कुमार और रजनीकांत स्टारर साइंस फिक्शन 2.0 का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर आने के बाद से फैन्स इसके लिए काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म में अक्षय कुमार का अलग ही अवतार देखने को मिल रहा है और इसमें वीएफएक्स का जबरजदस्त इस्तेमाल किया गया है। फिल्म इसी हफ्ते रिलीज हो रही है लेकिन रिलीज के पहले ही 2.0 ने प्रभाष की बाहुबली 2 का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। प्रभाष की बाहुबली 2 द कन्क्लूजन 2017 की बड़ी हिट रही थी। इस फिल्म की खासियत भी इसका शानदार वीएफएक्स था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी




कई रेकॉर्ड तोड़े थे। बाहुबली 2 देशभर में लगभग 6500 स्क्रीन पर रिलीज हुई थी और यह सबसे ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज होने वाली फिल्म बन गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रजनीकांत की 2.0 बाहुबली को पछाड़ते हुए 6600 से 6800 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी।

## हर दिन एक केला खाएं, ब्रेन बढ़ाएं, वजन घटाएं

पोटैशियम का बेस्ट सोर्स होने के साथ-साथ ढेर सारे पोषक तत्वों से भरपूर केला बेहद हेल्दी होता है इसमें कोई शक नहीं लेकिन केला हमारे शरीर के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। केले को सबसे हेल्दी खाद्य पदार्थ में से एक माना जाता है। कुछ साल पहले तक कहा जाता था- एन एपेल ए डे कीप्स दि डाक्टर एवे यानी अगर आप हर दिन एक सेब खाएंगे तो आपको डॉक्टर के पास नहीं जाना पड़ेगा लेकिन अब ये कहावत बदल गई हैऔर सेब की जगह केले ने ले ली है



वजन घटाने में मददगार

अगर आप उन लोगों में से हैं जो वजन घटाने की कोशिश में लगे हैं तो आपको केला खाना चाहिए। एक केले में 3 ग्राम फाइबर और सिर्फ 100 कैलरी होती है इसलिए केला स्नैक के लिहाज से परफेक्ट चॉइस है उन लोगों के लिए जो वेट लॉस करने की कोशिश कर रहे हैं। केला खाने से आपका पेट भरा हुआ महसूस होता है और यह आपकी भूख को भी कंट्रोल करता है। डेली फाइबर इन्टेक का 12 प्रतिशत हिस्सा आपको केले से ही मिल सकता है।

हम सभी जानते हैं कि केले में पोटैशियम और मैग्नीशियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। केले में से एनर्जी धीरे-धीरे निकलती है जिससे हमारा ब्रेन अलर्ट बना रहता है जिसके बदले में हमें बेहतर तरीके से फोकस करन पाने में सफल होते हैं। लिहाजा ब्रेन के बेहतर काम करने के लिए भी केला अच्छा है।

केले में ट्रिप्टोफान पाया जाता है जो आगे चलकर सेरोटोनिन में बदल जाता है और ब्रेन में सेरोटोनिन की कमी होने पर ही डिप्रेशन और ऐंग्जाइटी यानी बेचैनी महसूस होने लगती है। ऐसे में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए और डिप्रेशन से बचने के लिए केला खाएं।

केला, कैल्शियम को अब्जॉर्ब करने में यानी शरीर द्वारा कैल्शियम को सोखने में मदद करता है केला। अब कैल्शियम शरीर में पहुंचेगा तो जाहिर सी बात है कि आपकी हड्डियां मजबूत और हेल्दी बनेंगी। शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व और फाइबर की पूर्ति के लिए हर दिन 1 केला खाना काफी है। चूंकि केला खाने के बाद पेट में भारीपन महसूस नहीं होता इसलिए आप चाहें तो वर्कआउट से पहले और बाद में स्नैक के तौर पर केले का इस्तेमाल कर सकते हैं।